## प्रेस विज्ञप्ति

**25.01.2023**

# 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही/नौ महीनों के वित्तीय परिणाम

*बैंक का वैश्विक कारोबार रुपए **10.49** लाख करोड़ हुआ*

*परिचालन लाभ में वर्ष-दर-वर्ष **24%** की वृद्धि हुई*

*निवल लाभ में वर्ष-दर-वर्ष **102%** की वृद्धि हुई*

## मुख्य बातें (दिसंबर 2021 के सापेक्ष दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही)

- दिसंबर 2021 में **रु. 690 करोड़** के **निवल लाभ** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में यह वर्ष-दर-वर्ष **102%** बढ़कर **रु. 1396 करोड़** रहा।
- दिसंबर 2021 में **रु. 3288 करोड़** के **परिचालन लाभ** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में यह वर्ष-दर-वर्ष **24%** बढ़कर **रु. 4061 करोड़** रहा।
- बैंक की **निवल ब्याज आय** दिसंबर 2021 के **रु. 4395 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में वर्ष-दर-वर्ष **25%** बढ़कर **रु. 5499 करोड़** हो गई।
- **फीस आधारित आय** दिसंबर 2022 में **6%** बढ़कर **रु. 704 करोड़** हो गई।
- **आय-लागत अनुपात** दिसंबर 2021 में **44.75%** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **43.71%** रहा।
- दिसंबर 2021 में **3.03%** के सापेक्ष **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)** दिसंबर 2022 में **3.74%** रहा।
- दिसंबर 2021 में **0.43%** के सापेक्ष **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** दिसंबर 2022 में बढ़कर **0.80%** हो गया।
- दिसंबर 2021 में **8.26%** के सापेक्ष **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** दिसंबर 2022 में बढ़कर **15.21%** हो गया।
- दिसंबर 2021 के **रु. 400432 करोड़** के सापेक्ष **अग्रिम** दिसंबर 2022 में वर्ष-दर-वर्ष **13%** बढ़कर **रु. 451658 करोड़** रहे।
- दिसंबर 2021 में **रु. 233738 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) वर्ष-दर-वर्ष **12%** बढ़कर **रु. 262811 करोड़** हो गया।
- **सकल घरेलू अग्रिमों** में **रैम** (**RAM**) क्षेत्र का योगदान **62%** है। **खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई अग्रिमों** में क्रमशः **15%**, **15%** व **6%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। **आवास ऋण (बंधक सहित)**, **ऑटो ऋण** और **वैयक्तिक ऋण** में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **12%, 27%** और **35%** वृद्धि हुई।
- दिसंबर 2022 में **जमाएं** वर्ष-दर-वर्ष **6%** बढ़कर **रु. 597114 करोड़** हो गई।
- **कासा अनुपात 40.4**% रहा।
- **सकल गैर निष्पादक आस्तियों** में वर्ष-दर-वर्ष **260 बीपीएस** की कमी आने से यह **9.13%** से **6.53%** हुआ**, निवल गैर निष्पादक आस्तियों** में वर्ष-दर-वर्ष **172 बीपीएस** की कमी आने से यह दिसंबर 2021 के 2**.72%** के सापेक्ष **1%** रहा।
- दिसंबर 2021 में **85.49%** के सापेक्ष **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडबल्यूओ सहित)** में वर्ष-दर-वर्ष **810 बीपीएस** वृद्धि होने से यह **93.59%** रहा।

- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15.74%** रहा। सीईटी–I में वर्ष-दर-वर्ष **59 बीपीएस** की वृद्धि से यह **11.97%** रहा। **टियर I पूंजी** में वर्ष-दर-वर्ष **55 बीपीएस** की वृद्धि से यह **12.58%** रही।

## मुख्य बातें (सितंबर 2022 के सापेक्ष दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही)

- सितंबर 2022 में **रु. 1225 करोड़** के सापेक्ष **निवल लाभ** तिमाही-दर-तिमाही **14%** बढ़कर दिसंबर 2022 में **रु. 1396 करोड़** रहा।
- सितंबर 2022 में **रु. 3629 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **परिचालन लाभ 12%** बढ़कर **रु. 4061 करोड़** रहा।
- सितंबर 2022 के **रु. 4684 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में बैंक की **निवल ब्याज आय** तिमाही-दर-तिमाही **17%** बढ़कर **रु. 5499 करोड़** हो गई।
- क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर सितंबर 2022 में **0.71%** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) 9 बीपीएस** तक बढ़कर **0.80%** रहा।
- गत तिमाही में **13.83%** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE) 15.21%** रहा।
- सितंबर 2022 में **44.27%** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **आय-लागत अनुपात 43.71%** रहा।
- सितंबर 2022 में **3.20%** के सापेक्ष **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)** दिसंबर 2022 में **54 बीपीएस** तक बढ़कर **3.74%** रहा।

## मुख्य बातें (दिसंबर 2021 के सापेक्ष दिसंबर 2022 को समाप्त नौ महीने)

- वित्त वर्ष 2022 के नौ महीनों में **रु. 2961 करोड़** के सापेक्ष **निवल लाभ** वित्त वर्ष 2023 के नौ महीनों में वर्ष-दर-वर्ष **30%** तक बढ़कर **रु. 3834 करोड़** रहा।
- **परिचालन लाभ 13%** बढ़कर **रु. 9979 करोड़** से **रु. 11255 करोड़** हो गया।
- **निवल ब्याज आय 18%** बढ़कर वित्त वर्ष 2022 के नौ महीनों में **रु. 12473 करोड़** के सापेक्ष वित्त वर्ष 2023 के नौ महीनों में **रु. 14717 करोड़** हो गई।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA) 0.62%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 2023 के नौ महीनों में बढ़कर **0.75%** हो गया।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** वित्त वर्ष 2022 के नौ महीनों में **12.24%** के सापेक्ष बढ़कर **14.42%** हो गया।
- **आय-लागत अनुपात** वित्त वर्ष 2022 के नौ महीनों में **43.99%** के सापेक्ष **43.35%** रहा।
- **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)** वित्त वर्ष 2022 के नौ महीनों में **2.93%** के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष **42 बीपीएस** बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के नौ महीनों में **3.35%** रहा।

# 31 दिसंबर, 2022 को कारोबार निष्पादन की मुख्य बातें

**कारोबार** :

- दिसंबर 2021 में **रु. 963007 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में कुल कारोबार में वर्ष-दर-वर्ष **9%** की वृद्धि दर्ज करते हुए यह **रु. 1048772 करोड़** हो गया। सितंबर 2022 में यह **रु. 1026801 करोड़** था।
- विगत वर्ष में **रु. 400432 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **अग्रिमों** में **13%** की वृद्धि होकर यह **रु. 451658 करोड़** हो गए। रैम क्षेत्र में वर्ष-दर-वर्ष **12%** वृद्धि रिकॉर्ड की गई जिसमें से खुदरा व कृषि में वर्ष-दर-वर्ष **15%** की वृद्धि हुई।
- गत वर्ष में इस समय के दौरान **रु. 562575 करोड़** के सापेक्ष दिसंबर 2022 में **जमाएं** वर्ष-दर-वर्ष **6%** बढ़कर **रु. 597114 करोड़** रही।
- दिसंबर 2022 में **कासा जमाओं** में वर्ष-दर-वर्ष **3%** की वृद्धि होने से यह **रु. 241213 करोड़** हुआ। कुल जमाओं में कासा की हिस्सेदारी **40.4%** रही।
- दिसंबर 2022 में **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का पोर्टफोलियो रु. 152850 करोड़** रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **45.19%** है।

**नेटवर्क** :

- बैंक की **5770** घरेलू शाखाएँ हैं जिनमें से **1959** ग्रामीण शाखाएँ हैं, **1509** अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, **1161** शहरी शाखाएँ हैं एवं **1141** मेट्रो शाखाएँ हैं। बैंक की **3** ओवरसीज़ शाखाएँ और **1** आईबीयू हैं ।
- बैंक के **4969** एटीएम व बीएनए हैं एवं **10368** बीसी हैं।

**डिजिटल बैंकिंग:**

- बैंक ने दक्षिण दिल्ली, लखनऊ और कारैकाल में **3** डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) स्थापित की हैं।
- एटीएम, बीएनए और डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेनदेन में वर्ष दर वर्ष **7%** की वृद्धि हुई।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में वर्ष दर वर्ष **73%** की वृद्धि हुई, जबकि इसके लेन-देन में वर्ष दर वर्ष **85%** की वृद्धि हुई।
- यूपीआई उपयोगकर्ताओं और लेनदेन में क्रमशः वर्ष दर वर्ष **19%** और वर्ष दर वर्ष **91%** की वृद्धि हुई।

**पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:**

- वित्तीय वर्ष 21-22 हेतु नाबार्ड से एसएचजी – बैंक लिंकेज कार्यक्रम के लिए बैंक को तमिलनाडू में बेस्ट पर्फ़ोर्मिंग बैंक का अवार्ड प्राप्त हुआ है।
- ईएएसई 4.0 सुधार सूचकांक में शीर्ष सुधार के लिए बैंक विजेता के रूप में घोषित किया गया है।

- बैंक को **बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक** 2020-21 के लिए फाइनेंशियल एक्सप्रेस अवार्ड प्राप्त हुआ है।
- बैंक को दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल द्वारा बैंकिंग अवार्ड्स 2022 में **"फास्टेस्ट ग्रोइंग पब्लिक सेक्टर बैंक"** से सम्मानित किया गया है।
- एचआईसीसीआई सीएमएसएमई द्वारा बैंक को एमएसएमई में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक घोषित किया गया है।

## हमारा विशेष ध्यान

इंडियन बैंक का दृष्टिकोण बैंकिंग परिचालनों में नवाचार को बढ़ावा देना और तकनीकी विवेक के साथ सेवाओं की पेशकश करना, कर्मचारी जुड़ाव के माध्यम से व्यापार में आसानी और वैकल्पिक वितरण चैनलों की सुरक्षा सुविधाओं को लगातार उन्नत करना है।

बैंक बेहतर वित्तीय स्थिति में है, पूर्णतया पूंजीकृत है और संपत्ति की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। हमारा जोर कासा पर फोकस के साथ कम लागत वाले डिपॉजिट बेस को बेहतर बनाने, नए रिश्तों के जरिए एक मजबूत रिटेल टर्म डिपॉजिट पोर्टफोलियो बनाने और रैम एवं कॉरपोरेट सेक्टर दोनों में एक स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण क्रेडिट ग्रोथ को लक्षित करने पर होगा।